# Bhoruka English School

## STATE LEVEL SSLC PREPARATORY EXAMINATION KEY-ANSWER 2025

**I. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गए हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 8x1=8

1. 'रात' शब्द का विलोम रूप है -
**(D) दिन**

2. 'श्रीमान' शब्द का स्त्रीलिंग रूप है -
**(B) श्रीमती**

3. निम्नलिखित में से एकवचन शब्द है-
**(C) पैसा**

4. निम्नलिखित में से प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है-
**(A) दिखाना**

5. 'वनौषध' शब्द में संधि है -
**(B) वृद्धि**

6. 'जलप्रपात' शब्द में समास है-
**(D) तत्पुरुष**

7. क्या आप मैसूरु जा रहे हैं?
वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है -
**(A) प्रश्नवाचक**

8. रमेश कलम पत्र लिखता है।
रिक्त स्थान में सही कारक चिह्न होगा -
**(C) से**

Mahesh_Bhoruka_English_School

**II. प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : 4×1=4**

9. जलालुद्दीन : जीजा :: शम्सुद्दीन : **चचेरे भाई**

10. पं० राजकिशोर : मजदूरों के नेता वर्मा :: **डॉक्टर**

11. टोली का नाम : बाल-शक्ति टोली का मुखिया **:: मोहन**

12. पाप का मूल: अभिमान :: धर्म का मूल : **दया**

**II निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 4x1=4**

13. वर्षों से सक्सेना के परिवार में कौन काम कर रहा था ?
**वर्षों से सक्सेना के परिवार में साधोराम काम कर रहा था।**

14. बच्चों की तारीफ किसने की ?
**बच्चों की तारीफ कलेक्टर ने की।**

15. समय की पहचान कविता में कवि किस पर विश्वास करने को कहते हैं ?
**समय की पहचान कविता में कवि आत्मा पर विश्वास करने को कहते हैं।**

16. नंद और यशोदा का रंग कैसा था ?
**नंद और यशोदा का रंग गोरा था।**

**IV. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए: 8x2=16**

17. जैनुलाबदीन नमाज़ के बारे में क्या कहते थे ?
**जब तुम नमाज़ पढ़ते हो तो तुम अपने शरीर से इतर ब्रह्मांड का एक हिस्सा बन जाते हो; जिसमें दौलत, आयु, जाति या धर्म-पंथ का कोई भेदभाव नहीं होता।'**

18. लेखक ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय क्यों लिया ?
**सम्मेलन में आकर लेखक की सभी वस्तुएँ चोरी हो गयी थीं ।**
**इससे तंग आकर परसाई जी ने कमरा छोड़कर जाने का निर्णय लिया ।**

19. लालिम और किंचा लालीदाम जंगल की ओर क्यों चल पड़े ?

**किन्द्र लालिम और किंचा लालीदाम नामक दो दोस्तों ने तय किया कि वे मकान बनाएँगे। मुश्किल यह थी कि वे नहीं जानते थे कि मकान कैसे बनाए जाते हैं, इसलिए वे पशुओं से पूछ-ताछ करने के लिए जंगल की ओर चल पड़े।**

20. धीरज सक्सेना को बुद्धिमान रोबोट की जरूरत क्यों थी ?

**धीरज सक्सेना को घरेलू कामकाज करने के लिए, अपने नाती-पोतों का होमवर्क कराने के लिए । वर्ड प्रोसेसर पर अपना काम संभालने के लिए बुद्धिमान रोबोट की आवश्यकता थी।**

21. मनुष्य के लिए सुख की प्राप्ति कब संभव है ?

**समय बहुत अनमोल है। समय को व्यर्थ नही करना चाहिए। परिश्रम करनेवाले को ही सुख की प्राप्ति संभव है। इसलिए सही समय पर सही काम करने से सुख की प्राप्ति संभव है।**

22. यशोदा कृष्ण के क्रोध को कैसे शांत करती है ?

**यशोदा कृष्ण के क्रोधयुत मुख को देखकर और उसकी बातों को सुनकर यशोदा खुश हो जाती है। वह कहती है हे कृष्ण ! सुनो। बलराम जन्म से ही चुगलखोर है। मैं गोधन की कसम खाकर कहती हूँ, मैं ही तेरी माता हूँ और तुम मेरे पुत्र हो।**

23. शनि सौर-मंडल का सर्वाधिक सुंदर ग्रह है। कैसे ?

**शनि ग्रह के चहुँ ओर वलय (गोल) दिखाई देते हैं। प्रकृति ने इस ग्रह के गले में खूबसूरत हार डाल दिये हैं। शनि के इन वलयों या कंकणों ने इस ग्रह को सौर-मंडल का सबसे सुंदर एवं मनोहर ग्रह बनाया है।**

**अथवा**

शनि एक अत्यंत ठंडा ग्रह है। कैसे? स्पष्ट कीजिए ।

**शनि ग्रह सूर्य से पृथ्वी की अपेक्षा करीब दस गुना अधिक दूर है, इसलिए बहुत कम सूर्यताप उस ग्रह तक पहुँचता है पृथ्वी का मात्र सौवाँ हिस्सा । इसलिए शनि के वायुमंडल का तापमान शून्य के नीचे 150° सेंटीग्रेड के आसपास रहता है। शनि एक अत्यन्त ठंडा ग्रह है।**

24. महात्मा गांधी जी का सत्य की शक्ति के बारे में क्या कथन है ?

**महात्मा गांधी का कथन है "सत्य एक विशाल वृक्ष है। उसका जितना आदर किया जाता है, उतने ही फल उसमें लगते हैं। उनका अंत नहीं होता।"**

**अथवा**

Mahesh_Bhoruka_English_School

अन्वर ने मीना मैडम से क्या कहा ?
**अन्वर : हाँ मैडम, मैं कहना चाहता हूँ कि समस्त देशवासियों के प्रति भाई-चारे का भाव रखना और जाति, धर्म, भाषा, प्रदेश, वर्ग पर आधारित सभी भेद-भावों से दूर रहना चाहिए।**

**V. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए : 9x3=27**

25. सब्जी और फलों के महत्व के बारे में लेखक प्रेमचंद जी के विचार क्या हैं ?
**टोमाटो भोजन का आवश्यक अंग बन गया है। गाजर में भी बहुत विटामिन हैं; इसलिए गाजर को भी मेजों पर स्थान मिलने लगा है। सेब के विषय में तो यह कहा जाने लगा है कि एक सेब रोज़ खाइए तो आपको डॉक्टरों की ज़रूरत न रहेगी।**

26. गिल्लू के अंतिम दिन का विवरण दीजिए ।
**गिलहरियों के जीवन की अवधि दो वर्ष से अधिक नहीं होती, अतः गिल्लू की जीवन-यात्रा का अंत आ ही गया। दिन भर उसने न कुछ खाया, न वह बाहर गया। पंजे इतने ठंडे हो रहे थे कि मैंने जागकर हीटर जलाया और उसे उष्णता देने का प्रयत्न किया। परन्तु प्रभात की प्रथम किरण के साथ ही वह चिर निद्रा में सो गया।**

27. बसंत स्वाभिमानी तथा ईमानदार लड़का है। कैसे ? समझाइए ।
**बसंत स्वाभिमानी और ईमानदार लड़का था। वह मेहनत से पैसा कमाना चाहता था ।**
**इसलिए उसने पं, राजकिशोर से दया की भीख लेने से इनकार किया ।**
**जब वह नोट भुनाने गया तब लौटते समय मोटर के नीचे आ गया और बुरी तरह से घायल होने पर भी वह अपने भाई प्रताप को पैसे लौटाने राजकिशोर के यहाँ भेजता है।**
**इससे पता चलता है कि बसंत ईमानदार & स्वाभिमानी लड़का है।**

28. संचार व सूचना के क्षेत्र में इंटरनेट के महत्व के बारे में लिखिए ।
**आज का युग इंटरनेट युग है। इंटरनेट के कारण संचार व सूचना के क्षेत्र में कमाल किया है। कोई वीडियो, समाचार, विषय कम समय और कम खर्च में किसी को भी भेज सकते हैं।**
**पुस्तकालय की पुस्तकों के विषयों को जिसे चाहे भेज सकते हैं।**
**वीडियो-कान्फरेन्स द्वारा अन्य लोगों के साथ सचित्र विचार-विनिमय कर सकते हैं।**

29. एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बचेंद्री ने क्या किया ? विवरण दीजिए ।
**एवरेस्ट की चोटी पर पहुँचकर बिछेंद्री ने बर्फ पर अपने माथे को लगाकर सागरमाथे का चुंबन किया। अपने थैले से हनुमान चालिसा और दुर्गा माँ का चित्र निकाला।**
**उसे लाल कपड़े में लपेटा और छोटी-सी पूजा करके उसको बर्फ में दबा दिया ।**
**अंग दोरजी के सामने आदर भाव से झुकी ।**

30. मातृभूमि के प्रकृति-सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।
**मातृभूमि के खेत हरे-भरे और सुंदर हैं। वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं।**
**मातृभूमि के अंदर खनिज रूपी धन भरा हुआ है।**

31. दिनकर जी के अनुसार मानव का सही परिचय क्या है ? बताइए ।
**मानव मानव के बीच स्नेह का बाँध बाँधना मानव की सिद्धि है। आज मनुष्य ने प्रकृति पर विजय प्राप्त कर ली है। यह उसकी साधना है। जो मानव दूसरे मानव से प्रेम का रिश्ता जोड़कर आपस की दूरी को मिटाए, वही मानव कहलाने का अधिकारी होगा ।**

**32. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :**

राम नाम मनि दीप धरु, जीह देहरी द्वार ।
तुलसी भीतर बाहिरौ, जो चाहसी उजियार ।।

**प्रस्तुत दोहे के द्वारा तुलसीदास जी कहते हैं कि जिस तरह देहरी पर दिया रखने से घर के भीतर तथा आँगन में प्रकाश फैलता है, उसी तरह राम-नाम जपने से मानव की आंतरिक और बाह्य शुद्धि होती है।**

33. गद्यांश का अनुवाद कन्नड़ या अंग्रेजी में कीजिए :

कर्नाटक में चंदन के पेड़ अधिक मात्रा में हैं। इसलिए कर्नाटक को 'चंदन का आगार' कहते हैं । यहाँ चंदन का तेल, साबुन तथा कलाकृतियाँ भी बनायी जाती हैं।

**ಕರ್ನಾಟಕದಲ್ಲಿ ಶ್ರೀಗಂಧದ ಮರಗಳು ಹೇರಳವಾಗಿವೆ. ಅದಕ್ಕಾಗಿಯೇ ಕರ್ನಾಟಕವನ್ನು ಶ್ರೀಗಂಧದ ಭಂಡಾರ ಎಂದು ಕರೆಯಲಾಗುತ್ತದೆ. ಶ್ರೀಗಂಧದ ಎಣ್ಣೆ, ಸಾಬೂನು ಮತ್ತು ಕಲಾಕೃತಿಗಳನ್ನು ಸಹ ಇಲ್ಲಿ ತಯಾರಿಸಲಾಗುತ್ತದೆ.**

Sandalwood trees are abundant in Karnataka. That is why Karnataka is known as sandalwood. Sandalwood oil, soap and artefacts are also made here.

Mahesh_Bhoruka_English_School

**VI. प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए : 2×4=8**

34. कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला का परिचय दीजिए ।

**कर्नाटक राज्य की शिल्पकला अनोखी है। बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लु में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है। बेलूर, हलेबीडु, सोमनाथपुर के मंदिरों में पत्थर की जो मूर्तियाँ हैं, वे सजीव लगती हैं। ये सुंदर मूर्तियाँ हमें रामायण, महाभारत, पुराणों की कहानियाँ सुनाती हैं। श्रवणबेलगोला में 57 फुट ऊँची गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा है, जो दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है। विजयपुरा के गोलगुंबज़ की व्हिस्परिंग गैलरी वास्तुकला का अद्वितीय दृष्टांत है। मैसूरु का राजमहल कर्नाटक के वैभव का प्रतीक है।**

**अथवा**

कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

**प्रकृतिमाता ने कर्नाटक राज्य को अपने हाथों से सँवारकर सुंदर और समृद्ध बनाया है। कर्नाटक की प्राकृतिक सुषमा नयन मनोहर है। पश्चिम में विशाल अरबी समुद्र लहराता है। इसी प्रांत में दक्षिण से उत्तर के छोर तक फैली लंबी पर्वतमालाओं को पश्चिमी घाट कहते हैं। इन्हीं घाटों का कुछ भाग सह्याद्रि कहलाता है। दक्षिण में नीलगिरि की पर्वतावलियाँ शोभायमान हैं।**

35. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

**असफलता एक चुनौती है, इसे स्वीकार करो,<br>क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो।<br>जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम,<br>संघर्ष का मैदान छोड़कर मत भागो तुम।**

**VII. गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 1×4=4**

**36. गांधीजी डॉ० अम्बेडकर जी की निःस्वार्थ सेवाओं से प्रभावित हुए और इसलिए उन्होंने स्वतंत्र भारत का संविधान बनाने के लिए डॉ० अम्बेडकर जी को आमंत्रित किया । देशरत्न डॉ० राजेंद्र प्रसाद जी की अध्यक्षता में डॉ० अम्बेडर जी ने स्वतंत्र भारत का संविधान बनाया। भारत का संविधान संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान माना गया है। अमेरिका के कोलम्बिया विश्वविद्यालय ने डॉ० अम्बेडकर जी को सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने के उपलक्ष में 'डॉक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन' की उपाधि प्रदान की। यह संविधान 26 जनवरी, 1950 ई० से देश में लागू हुआ। वे भारत के प्रथम विधि मंत्री बने ।**

(अ) गांधीजी डॉ० अम्बेडकर जी से किस कारण प्रभावित हुए ?
**गांधीजी डॉ० अम्बेडकर जी की निःस्वार्थ सेवाओं से प्रभावित हुए।**
(आ) संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान किसे माना गया है ?
**भारत का संविधान संसार का सर्वश्रेष्ठ संविधान माना गया है।**
(इ) अम्बेडकर जी को 'डॉक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन' की उपाधि क्यों मिली ?
**अमेरिका के कोलम्बिया विश्वविद्यालय ने डॉ० अम्बेडकर जी को सर्वश्रेष्ठ संविधान बनाने के उपलक्ष में 'डॉक्टर आफ कान्स्टिट्यूशन' की उपाधि प्रदान की।**
(ई) भारत का संविधान कब से देश में लागू हुआ ?
**भारत का संविधान 26 जनवरी, 1950 ई० से देश में लागू हुआ।**

**> VIII.37. निबंध : इंटरनेट क्रांति : 1×4=4**

**प्रस्तावना; आज युग इंटरनेट का युग है। इंटरनेट विश्वव्यापी कंप्यूटरों का अंतर्जाल है । आधुनिक समय में, पूरि दुनिया में इंटरनेट एक बहुत ही शक्तिशाली माध्यम है। यह एक नेटवर्कों का जाल है और कई सारी सेवाएँ तथा संसाधनों का समूह है जो हमें कई प्रकार लाभ पहुँचाता है ।**

**लाभ / वरदान : इंटरनेट द्वारा पल भर में कोई भी विचार हो, स्थिर चित्र हो, वीडियो चित्र**

**हो, दुनिया के किसी भी कोने में भेज सकते है। संचार व सूचना दोनो क्षेत्र में अंतर्जाल एक महत्वपूर्ण अंग बन गया है। इंटरनेट द्वारा घर बैटे-बैटे खरीदारी कर सकते हैं। कोई भी बिल भर सकते हैं। इंटरनेट-बैंकिंग द्वारा दुनिया की किसी भी जगह पर चाहे जितनी भी रकम भेजी जा सकती हैं। वीडियो कान्फरेन्स द्वरा देश-विदेश में रहनेवाले लोगों के साथ विचारविनिमय कर सकते हैं। चिकित्सा, कृषि, अंतरिक्ष ज्ञान, विज्ञान, शिक्षा आदि क्षेत्रो में इंटरनेट का बहुत बडा योगदान है। इंटरनेट सचमुच एक वरदान है।**

**हानियाँ / अभिशाप : इंटरनेट एक ओर वरदान है तो दूसरी ओर वह अभिशाप भी है। इंटरनेट की वजह से पैरसी, बैंकिंग फ्राड, हैकिंग आदि बड रही है। मुक्त वेब साइट, चैटिंग आदि से युवा पीढी ही नही बच्चे भी इंटरनेट की कबंध बाँहों के पाश में फँसे हुए हैं। इससे वक्त का दूरुपयोग होता है, और बच्चे अनुपयुक्त और अनावश्यक जानकारी हासिल कर रहे है। इसलिए हम लोगों को इंटरनेट से सचेत रहना चाहिए ।**

**उपसंहारः- वैज्ञानिक अविष्कारों ने मानव जीवन को सुविधाजनक बनाया है। इंटरनेट से मानव की जीवनशैली और उसकी सोच में क्रांतिकारी परिवर्तन हुआ है। इंटरनेट ने पूरी दूनिया को एक जगह ला खड़ा कर दिया है।**

Mahesh_Bhoruka_English_School

IX. निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :
38. कोई सकारण देते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपने प्रधानाध्यापक जी को एक पत्र लिखिए।

**प्रेषक,** **दिनांक : 10-01-25**
**महेश,**
**आठवीं कक्षा,**
**भोरूका आंग्ल शाला,**
**बेंगलुरु - 562162**

**सेवा में,**
**कक्षा अध्यापक,**
**भोरूका आंग्ल शाला,**
**बेंगलुरु - 562162**

**आदरणीय महोदय,**

**विषय : तीन दिन की छुट्टी की प्रार्थना हेतु ।**

**उपर्युक्त विषयानुसार आपसे सविनय निवेदन है कि मैं अपने भाई की शादी में शामिल होने के लिए बेंगलूरु जा रहा हूँ। इसलिए मैं पाँच दिन तक स्कूल में उपस्थित रह नहीं पाऊँगा। मुझे 11-01-2025 से 13-01-2025 तक तीन दिन की छुट्टी प्रदान करने की कृपा करें।**

**धन्यवाद सहित**

**आपकी आज्ञाकारी छात्र,**
**महेश**

Mahesh_Bhoruka_English_School